हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 07 मई 2025, समय 1305 (5 मिनट)

भारतीय सशस्त्र बलों ने मध्य रात्रि में पाकिस्तान तथा पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर स्थित आतंकी ठिकानों पर कडा प्रहार किया।सेना द्वारा इसे ऑपरेशन सिंदूर का नाम दिया गया। इन ठिकानों से ही भारत के विरूद्ध आतंकी हमले की योजना बनाई गई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रातभर इस सैन्य कार्रवाई पर नजर बनाए रखी।

****

पहलगाम आंतकी हमले में मारे गए करनाल से जल सेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के परिवार ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के पिता राजेश नरवाल ने कहा कि ऑपरेशन को सिंदूर नाम देना एक दम सही है क्योंकि आतंकियों ने हमारी बेटियों और बहनों के सामने धर्म पूछ कर उनके पतियों के निर्मम हत्या की। उन्होंने कहा की इससे आंतकी हमले के पीड़ित परिवारों को सांत्वना मिलेगी।

उन्होंने कहा –

उन्होंने कहा कि इस बदले से पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को सच्ची श्रद्धांजलि मिली है, उन्हें न्याय मिला है।

****

भारत की सैन्य कार्रवाई के बाद देश के उत्तरी भाग में कई हवाई अड्डों को वाणिज्यिक संचालन के लिए बंद कर दिया गया है। एयर इंडिया ने जम्मू, श्रीनगर, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट की अपनी उड़ानें आज दोपहर 12 बजे तक के लिए रद्द कर दी हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में स्पाइसजेट ने कहा है कि धर्मशाला, लेह, जम्मू, श्रीनगर और अमृतसर में हवाई अड्डों को अगले आदेश तक बंद किया गया है। इंडिगो ने भी अपने यात्रियों

को इन हवाई अड्डों पर उड़ान की स्थिति पता लगाते रहने का परामर्श दिया है। यात्रियों को यात्रा शुरू करने से पहले उड़ान की स्थिति का पता लगाने की सलाह दी गई है।

****

केंद्र सरकार के निर्देश पर आज देशभर में की जा रही सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल को लेकर हरियाणा और चंडीगढ़ ने पूरी तैयारी कर ली है।हरियाणा की अतिरिक्त गृह मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि सरकार इस अभ्यास को सभी जिलों, कस्बों और गांवों में प्रभावी रूप से लागू करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि हरियाणा में मॉक ड्रिल को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन और स्थानीय निकायों के साथ तालमेल स्थापित कर तैयारी पूरी कर ली गई है। सभी उपायुक्तों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं।उन्होंने बताया कि हरियाणा के 10 जिले अंबाला, फरीदाबाद, गुरुग्राम, हिसार, पंचकूला, पानीपत, रोहतक, सिरसा, सोनीपत और यमुनानगर – सिविल डिफेंस श्रेणी-द्वितीय में शामिल हैं, जबकि झज्जर को तृतीय श्रेणी में रखा गया है।